# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (30.03.2025)**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:30.03.2025**
**PAGE-02**

## परीक्षा से एक दिन पहले तक जमा होगा शुल्क

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने एक बार फिर स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि विस्तारित की गई है। अब तक किसी कारणवश से फार्म भरने से वंचित छात्र-छात्राएं 31 मार्च तक फार्म भर सकेंगे। इसके बाद कालेज चेक के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान दो अप्रैल तक कर सकेंगे। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने निर्देश जारी किया है। सभी अंगीभूत कालेजों से लेकर संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को इसकी जानकारी दी गई है। इस महीने तीसरी बार परीक्षा फार्म भरने की तिथि विस्तारित की गई है। पिछले महीने से ही परीक्षा फार्म भराया जा रहा है।

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:30.03.3025**
**PAGE-02**

## थर्ड सेमेस्टर परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा का शनिवार को एडमिट कार्ड जारी हो गया है। अगले तीन दिनों तक कालेजों में छुट्टी है। इससे एडमिट कार्ड प्राप्त करने में विद्यार्थियों को परेशानी हो सकती है। बताते हैं कि छुट्टी के दिनों में भी कुछ कालेज विद्यार्थियों को बुलाकर एडमिट कार्ड जारी कर सकते हैं, लेकिन अभी तक इसकी कोई आधिकारिक सूचना प्राप्त नहीं हुई है।